भारत सरकार
वित्त मत्रांलय
आर्थिक कार्य विभाग

लोकसभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 1694

(जिसका उत्तर सोमवार, 13 फरवरी, 2023/24 माघ, 1944 (शक) को दिया जाना है)

वर्चुअल डिजिटल आस्तियों (वीडीए) का विनियमन

1694. श्री विनसेंट एच. पालाः

क्या **वित्त मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार वर्चुअल डिजिटल आस्तियों (वीडीए) के विनियमन के संबंध में अंतर्राष्ट्रीय समन्वय प्राप्त करने के प्रयास में जी-20 देशों के साथ बातचीत करने की योजना बना रही है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और
(ख) क्या सरकार भारत की जी-20 अध्यक्षता को वीडीए के विनियमन के लिए राष्ट्रीय नीति की जांच करने और तैयार करने के अवसर के रूप में उपयोग करने की योजना बना रही है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर
वित्त राज्य मंत्री (श्री पंकज चौधरी)

(क): जी, हां। सरकार जी-20 देशों के साथ क्रिप्टो आस्तियों के प्रति नीतिगत दृष्टिकोण पर अंतर्राष्ट्रीय समन्वय के लिए बातचीत कर रही है।

(ख): भारतीय अध्यक्षता अंतर्राष्ट्रीय सहयोग के एजेंडा पर, क्रिप्टो आस्तियों को प्राथमिकता सहित, विभिन्न प्राथमिकताओं को प्रस्तुत करने का अवसर प्रदान करती है। परिभाषा के अनुसार क्रिप्टो आस्तियां सीमाहीन हैं और विनियामक मध्यस्थता को रोकने के लिए अंतर्राष्ट्रीय सहयोग की मांग करती है। अतः विनियमन या प्रतिबंध लगाने के लिए कोई भी कानून, जोखिमों और लाभों के मूल्यांकन तथा सामान्य वर्गीकरण और मानकों के विकास के संबंध में, पर्याप्त अंतर्राष्ट्रीय सहयोग द्वारा ही प्रभावी हो सकता है।

*****